दैनिक भास्कर

राजसमन्द भास्कर 03-03-2025

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिंक सम्राट बना विजेता

रेलमगरा | राजपुरा दरीबा वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रविवार को समापन हुई। जिसमें जिंक सम्राट टीम ने विजेता का खिताब जीता। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड वॉलीवाल प्रतियोगिता में कर्मचारियों की 9 टीमों ने भाग लिया। पांच दिन चली प्रतियोगिता का फाइनल जिंक सम्राट और राइनो रेंजर्स के बीच खेला जिसमें जिंक सम्राट ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता की शुरुआत 25 फरवरी को हुई थी। समापन समारोह में बलवंतसिंह राठौड़, दरीबा खान मजदूर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरहरीदेवसिंह राठौड़, जिंक अधिकारी और मजदूर संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे। पांच दिन तक दर्शकों की भीड़ जुटी। प्रतियोगिता ने कर्मचारियों के बीच एकता, सामूहिकता और खेल भावना को मजबूत किया।